**No. 1-33/LG Help Desk/CPGRAMS Portal/CC/2017/ 212**

अंडमान तथा निकोबार प्रशासन

**ANDAMAN AND NICOBAR ADMINISTRATION**

सचिवालय/**SECRETARIAT**

******

Sri Vijaya Puram, dated the 25th August, 2026.

To,

The Assistant Manager (IT),
EDP Cell,
Secretariat.

**Sub: -Award of Lt. Governor's Commendation Certificate on the occasion of Independence Day, 2026-reg.**

Sir,

I am directed to inform that the following awardees has been awarded with the Hon'ble Lt Governor's Commendation Certificates on the occasion of Independence Day, 2026 along with the medals by Hon'ble Lt. Governor, A & N Islands.

In this connection, it is requested to upload the list of awardees and their achievements (Hindi Citation) in Administrative Portal of A&N Administration. The names of the awardees:

| **Sl. No** | **Name and details** |
|---|---|
| **1** | Andaman & Nicobar Archives, Secretariat, A&N Admn. |
| **2** | **TEAM: Passport Office Passport Seva Kendra (POPSK), Sri Vijaya Puram.** |
| a | Shri M K Farooque, HGC (Verification Officer, Passport Office (POPSK)), Sri Vijaya Puram. |
| b | Shri S Netazi, HGC,(Verification Officer, Passport Office (POPSK)), Sri Vijaya Puram. |
| **3** | Shri Mohammed Pervaiz,<br>General Manager (Projects), ANIIDCO, Sri Vijaya Puram. |
| **4** | **FOREST RESCUE TEAM:<br>SAVED LIFE'S OF PASSENGERS OF HELICOPTER CRASH ON 24.02.2026 AT MAYABUNDER** |
| a | Shri Saw Manashay,<br>Ex-DRM, Wildlife division, Mayabunder. |
| b | Shri Saw S C Thomas,<br>Ex-DRM, Wildlife Division, Mayabunder. |
| **5** | Commander of Yard, Sri Vijaya Puram.<br>Unit: NSRY (SVP). |
| **6** | Ms. Amrita Minj,<br>Athlete (Rowing), SAI, STC, Sri Vijaya Puram |
| **7** | Ms B Haripriya,<br>Athlete (Rowing), SAI, STC, Sri Vijaya Puram |

| | |
|---|---|
| **8** | Ms B Haritha,<br>Athlete (Rowing), SAI, STC, Sri Vijaya Puram |
| **9** | Ms Alaaska Aleena,<br>Weightlifting, SAI, STC Car Nicobar |
| **10** | Miss Shanta Cyntrick,<br>Nicobari Folk Dancer, Car Nicobar. |
| **11** | **FISHERMEN RESCUE TEAM:**<br>**SAVED LIFES OF STUDENTS & TEACHERS OF JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA (JNV), AT SEA SHORE ARONG CAR NICOBAR ON 04.03.2026** |
| a | Shri Lucas, Fisherman,<br>Arong Village, Car Nicobar. |
| b | Shri Prem, Fisherman,<br>Arong Village, Car Nicobar |
| c | Shri Ezra, Fisherman,<br>Arong Village, Car Nicobar |
| **12** | Shri Jonathan,<br>Chairman Tribal Council, Chowra Island. |
| **13** | Forest Diving Team.<br>Dept. of Environment & Forest, A&N Islands. |
| **14** | Police Marine Force Diving Team.<br>A&N Police. |
| **15** | Clearance Diving Unit,<br>Sri Vijaya Puram.<br>Unit: CDU (SVP). |
| **16** | Cdr Vikram S Bhati, 05175K,<br>Indian Navy |
| **17** | Shri Rustam Ali,<br>Receptionist, Dep. of IP&T. |
| **18** | Shri Ratish Divakar Kulkarni,<br>Scuba Dive Instructor, Dive Andaman India Private Ltd. |
| **19** | Shri Hardik Nitin Datanwala,<br>PADI Course Director & Chief Operations Officer, Dive Andaman India Private Limited |
| **20** | Dr Saji Vargheese,<br>Consultant Surgeon / Professor, G B Pant Hospital, Sri Vijaya Puram. |

Yours faithfully,

Digitally signed by
K. Ajit Kumar
Date: 24-08-2026
13:18:31

**Enclo:** Hindi Citation

(K Ajit Kumar)
**Deputy Secretary (CC)**

# अण्डमान तथा निकोबार अभिलेखागार
# सचिवालय, अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन

अण्डमान तथा निकोबार अभिलेखागार, सचिवालय के उपभवन में कार्यरत है। इस अभिलेखागार द्वारा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक महत्व के अभिलेखीय रिकार्डों के संरक्षण, डिजिटलीकरण और प्रसार कार्यों की उल्लेखनीय पहल आरम्भ की गई है। इस अभिलेखागार में अभिलेख पटल पोर्टल पर एक समर्पित डिजिटल रिपॉजिटरी को सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है जिससे शोधकर्ताओं, छात्रों, शिक्षाविदों, सरकारी अधिकारियों और आम जनता के लिए अभिलेख संसाधनों की ऑनलाईन जानकारियाँ उपलब्ध हो रही हैं।

इस अभिलेखागार ने वर्ष 1816 के पुराने प्रशासनिक अभिलेखीय रिकॉर्ड और वर्ष 1926 के बाद की प्रशासनिक फाइलें तथा वर्ष 1953 से 2025 तक के सरकारी राजपत्र अधिसूचनाओं के संग्रह का डिजिटलीकरण और अपलोड कर जानकारियों को साझा करने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस अभिलेखागार के इन प्रयासों से अभिलेखीय प्रबंधन, उसके डिजिटलीकरण प्रक्रियाओं, ऐतिहासिक अनुसंधान पद्धतियों, रिकॉर्ड संरक्षण और संवर्धन गतिविधियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में लोगों को काफी मदद मिल रही है।

इस अभिलेखागार द्वारा स्थानीय शिक्षा संस्थानों के इतिहास विषय के स्नातक विद्यार्थियों के लिए अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम आरम्भ करने का भी प्रस्ताव है जिससे न केवल अभिलेखीय विज्ञान में कुशल मानव संसाधन विकसित होंगे, बल्कि डिजिटलीकरण और संरक्षण के प्रयास को ओर बल मिलेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

द्वीपों के समृद्ध ऐतिहासिक दस्तावेजी धरोहर के संरक्षण के क्षेत्र में की गई उल्लेखनीय योगदान को अंगीकार करते हुए सचिवालय के अण्डमान तथा निकोबार अभिलेखागार को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## पासपोर्ट कार्यालय, पासपोर्ट सेवा केन्द्र का दल
## श्री विजयपुरम

1. श्री एम.के. फारूख, प्रवर श्रेणी लिपिक,
   सत्यापन अधिकारी, पासपोर्ट कार्यालय, श्री विजयपुरम।
2. श्री एस. नेताजी, प्रवर श्रेणी लिपिक,
   सत्यापन अधिकारी, पासपोर्ट कार्यालय, श्री विजयपुरम।

प्रवर श्रेणी लिपिक, श्री एम.के. फारूख और श्री एस. नेताजी वर्तमान में श्री विजयपुरम डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र में सत्यापन अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं और आप दोनों ने अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के निवासियों को निर्बाध पासपोर्ट सेवाएँ उपलब्ध कराने में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

वर्ष 2020 में इस केन्द्र की स्थापना के बाद से ही आप दोनों ने समर्पित होकर कार्यों में पारदर्शिता लाते हुए हजारों पासपोर्ट तथा पी.सी.सी. आवेदनों को संसाधित करने में अपनी दक्षता का परिचय दिया है। आप दोनों के अथक प्रयासों से द्वीपवासियों के बीच पासपोर्ट दस्तावेजीकरण तथा ऑनलाईन सेवाओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने में मदद मिली है और इस द्वीपसमूह में सार्वजनिक सेवा वितरण में काफी सुधार हुआ है।

पासपोर्ट सेवा केंद्र के इस दल ने मीडिया के माध्यम से पासपोर्ट जागरूकता, पारदर्शी एवं नागरिक–अनुकूल सेवा वितरण तथा शिकायत–मुक्त सार्वजनिक सेवा सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 2025–26 में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी सम्मेलन और पासपोर्ट सेवा दिवस–2026 के अवसर पर विदेश मंत्रालय द्वारा अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन को प्रशंसा–पत्र से भी सम्मानित किया गया।

कार्य के प्रति निष्ठा, उल्लेखनीय उपलब्धि एवं समर्पण की भावना को अंगीकार करते हुए पासपोर्ट सेवा केन्द्र के पासपोर्ट कार्यालय के दल को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## श्री मोहम्मद परवेज़, महाप्रबंधक (परियोजना)
## अनिडको, श्री विजयपुरम

श्री मोहम्मद परवेज़, अनिडको में महाप्रबंधक (परियोजना) के पद पर कार्यरत हैं। आपने इस द्वीपसमूह में अनिडको, पर्यटन तथा रणनीतिक महत्व के सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

आपने इन द्वीपों में पहला पाँच सितारा रिसॉर्ट विकसित करने, इसके लिए योजना तैयार करने तथा बोली प्रक्रिया प्रबंधन एवं निष्पादन करने में विशेष भूमिका निभाई, जिससे इन द्वीपों को एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने और इस क्षेत्र में निजी निवेश को आकर्षित करने में मदद मिली। आपने ग्रेट निकोबार परियोजना के समग्र विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप देने और राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण रणनीतिक विकास परियोजना के लिए वित्तीय प्रस्ताव की स्वीकृति प्राप्त करने में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है।

आपने आतिथ्य क्षेत्र में निजी निवेश आकर्षित करने, विभिन्न पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं के क्रियान्वयन, पर्यटन परिसंपत्तियों के पुनरुद्धार तथा आतिथ्य क्षेत्र में कौशल विकास को प्रभावी नेतृत्व प्रदान किया। आपने द्वीपों में नौकायन को बढ़ावा देने के लिए एक नौकायन विकास कार्यक्रम आरम्भ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपने इस कार्यक्रम के पहले चरण में कुल 70 बच्चों को इस खेल से जोड़ा और 10 स्थानीय युवाओं को प्रमाणित नौकायन प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया, जिससे द्वीपों में खेल पर्यटन को बढ़ावा मिला। आपके इन प्रयासों के कारण द्वीपों के निवासियों के लिए आजीविका के नए अवसर उपलब्ध हुए हैं।

कुशल नेतृत्व, विशिष्ट कार्य शैली एवं उल्लेखनीय योगदान को अंगीकार करते हुए अनिडको के महाप्रबंधक (परियोजना), श्री मोहम्मद परवेज़ को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## वन विभाग का बचाव दल,
## वन्यप्राणी प्रभाग, मायाबन्दर

1. श्री सॉव मनाशय, पूर्व दैनिक वेतनभोगी मजदूर,
   वन्यप्राणी प्रभाग, मायाबन्दर

2. श्री सॉव एस.सी. थॉमस, पूर्व दैनिक वेतनभोगी मजदूर,
   वन्यप्राणी प्रभाग, मायाबन्दर

इन्टरव्यू आइलैण्ड वन्यजीव अभयारण्य, वन विभाग, मायाबन्दर के बचाव दल के सदस्यों ने 24 फरवरी, 2026 को मायाबन्दर के निकट समुद्र में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना के दौरान यात्रियों की जान बचा कर अपनी निःस्वार्थ सेवा भावना, सूझबूझ और असाधारण साहस का परिचय दिया है।

वन विभाग, मायाबन्दर के इस बचाव दल के सदस्यों ने 24 फरवरी, 2026 को जब बोट में सवार होकर अपने गार्ड ड्यूटी पर जा रहे थे तभी दल ने मायाबन्दर के धोबीडेरा के पास समुद्र में एक हेलीकॉप्टर को दुर्घटनाग्रस्त होते हुए देखा। दल ने तुरन्त ही अपने असाधारण साहस, निःस्वार्थ सेवाभाव, त्वरित सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी बोट को दुर्घटना स्थल की ओर मोड़ दिया और अपनी जान की परवाह किए बिना तुरन्त ही बचाव अभियान में लग गए। दल के एक सदस्य ने पीड़ित लोगों को बचाने के लिए समुद्र में छलांग लगा दिया और दल के अन्य सदस्यों ने पीड़ितों को समुद्र से सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की।

इस दल के सदस्यों ने तीन महिला, एक पुरूष तथा एक बच्चे की जान बचाई और उन्हें सुरक्षित रूप से अपनी बोट से मायाबन्दर जेट्टी पहुंचाया और आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करने में मदद की।

असाधारण साहस, सूझबूझ एवं निःस्वार्थ सेवा की भावना को अंगीकार करते हुए वन विभाग, मायाबन्दर के बचाव दल को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## यार्ड कमाण्डर
## एन.एस.आर.वाई. इकाई, श्री विजयपुरम

श्री विजयपुरम के एन.एस.आर.वाई. इकाई द्वारा द्वीपसमूह में जलयानों के आवाजाही और सुचारू संचालन के लिए समर्पित रूप से चौबीसों घण्टे परिचालन एवं लॉजिस्टिक्स सहायता प्रदान की जा रही है।

यह इकाई श्री विजयपुरम और सभी फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस पर जहाजों एवं पनडुब्बियों के लिए बर्थ प्लानिंग एवं अनबर्थिंग, बीचिंग सुविधा प्रदान करने तथा ईंधन एवं पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस इकाई ने जून, 2025 से जून, 2026 तक कुल 4512 हज़ार लीटर ईंधन और 285 टन पेयजल की अपूर्ति करने के अलावा पत्तन प्रबंध बोर्ड के 534 जहाजों, भारतीय नौसेना के जहाजों की 717 हॉट एवं 2276 कोल्ड मूवमेंट्स, तटरक्षक के 211 जहाजों एवं 703 फेरी जलयानों के लिए प्रचालन एवं लॉजिस्टिक्स सहायता प्रदान करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

उत्कृष्ट कार्यकुशलता एवं समर्पण की भावना को अंगीकार करते हुए यार्ड कमाण्डर, एन.एस.आर.वाई इकाई, श्री विजयपुरम को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## सुश्री अमृता मिंज, एथलीट (रोइंग)
## भारतीय खेल प्राधिकरण,खेल प्रशिक्षण केन्द्र, श्री विजयपुरम

सुश्री अमृता मिंज इस द्वीपसमूह की एक प्रतिभावान रोइंग एथलीट हैं और आप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है। आपने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल कर देश के साथ–साथ इन द्वीपों का भी नाम रोशन किया है।

आपने थाइलैण्ड के पट्टाया में आयोजित एशियन बीच स्प्रिन्ट–2026 में भाग लिया। आपने गोवा में आयोजित प्रथम बीच स्प्रिन्ट राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2026, केरल के साई एन.सी.ओ.ई में आयोजित इन्डोर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2025 में एक–एक स्वर्ण पदक और भोपाल में आयोजित 42वीं सीनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2025 तथा पुणे में आयोजित ओपन राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2024 में एक–एक रजत पदक और उत्तराखण्ड के टिहरी में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल–2025, सब जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2018 तथा हैदराबाद में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2019 एवं ओपन राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2019 में एक–एक कॉस्य पदक जीत कर इन द्वीपों का गौरव बढ़ाया।

इसके अलावा, आपने वियतनाम के हाय फॉन्ग में आयोजित सीनियर एशियन रोइंग चैम्पियनशिप–2025 में 5वां स्थान और पुणे में आयोजित 41वीं सीनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2024 में चौथा स्थान प्राप्त कर अपने असाधारण खेल प्रतिभा एवं दृढ़ता का प्रदर्शन किया है।

उत्कृष्ट खेल प्रतिभा को अंगीकार करते हुए श्री विजयपुरम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल प्रशिक्षण केन्द्र की एथलीट (रोइंग) सुश्री अमृता मिंज को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## सुश्री बी. हरिप्रिया, एथलीट(रोइंग)

## भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल प्रशिक्षण केन्द्र, श्री विजयपुरम

सुश्री बी. हरिप्रिया इन द्वीपों की प्रतिभावान रोइंग एथलीट हैं। आपने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल कर इन द्वीपों का नाम रोशन किया है।

आपने प्रथम ऑल इण्डिया इंडोर रोइंग चैम्पियनशिप–2026 एवं 8वीं इंटरस्टेट चैलेंजर एवं राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2025 तथा तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित 'अस्मिता (महिला अण्डर–19) रोइंग लीग–2025' में एक–एक रजत पदक हासिल कर इन द्वीपों का गौरव बढ़ाया।

इसके अलावा, आपने जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित 24वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2022 में चौथा स्थान प्राप्त किया और गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल–2023 तथा चंडीगढ़ में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2023 में भी भाग लिया।

उत्कृष्ट खेल प्रतिभा को अंगीकार करते हुए श्री विजयपुरम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल प्रशिक्षण केन्द्र की एथलीट(रोइंग) सुश्री बी. हरिप्रिया को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

# सुश्री बी. हरिता, एथलीट(रोइंग)
## भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल प्रशिक्षण केन्द्र, श्री विजयपुरम

सुश्री बी. हरिता इन द्वीपों की प्रतिभावान रोइंग एथलीट हैं। आपने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल कर इन द्वीपों का नाम रोशन किया है।

आपने प्रथम ऑल इण्डिया इंडोर रोइंग चैम्पियनशिप–2026 एवं 8वीं इंटरस्टेट चैलेंजर एवं राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2025 तथा तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित ''अस्मिता (महिला अण्डर–19) रोइंग लीग–2025'' में एक–एक रजत पदक हासिल कर इन द्वीपों का गौरव बढ़ाया।

इसके अलावा, आपने जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित 24वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2022 में चौथा स्थान प्राप्त किया और आपने गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल–2023 तथा चंडीगढ़ में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप–2023 में भी भाग लिया।

उत्कृष्ट खेल प्रतिभा को अंगीकार करते हुए श्री विजयपुरम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल प्रशिक्षण केन्द्र की एथलीट (रोइंग) सुश्री बी. हरिता को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## सुश्री अलास्का एलीना, भारोत्तोलन एथलीट
## भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल प्रशिक्षण केन्द्र, कार निकोबार

सुश्री अलास्का एलीन कार निकोबार के चुकचुका गाँव की प्रतिभावान भारोत्तोलन एथलीट हैं। आप अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की पहली महिला भारोत्तोलक है जिनको राष्ट्रीय स्तर पर भारोत्तोलन प्रतिस्पर्धा में पदक हासिल करने का गौरव प्राप्त है।

आपने केरल के त्रिशुर में आयोजित अस्मिता खेलो इण्डिया रैंकिंग महिला लीग चैम्पियनशिप (साउथ ज़ोन)–2025 के सीनियर महिला 48 किलोग्राम वर्ग में काँस्य पदक और छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रथम संस्करण खेलो इण्डिया ट्राइबल गेम्स–2026 के सीनियर महिला 48 किलोग्राम वर्ग में काँस्य पदक जीत कर उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए इन द्वीपों का नाम रोशन किया है।

उत्कृष्ट खेल प्रतिभा को अंगीकार करते हुए कार निकोबार स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल प्रशिक्षण केन्द्र की भारोत्तोलन एथलीट सुश्री अलास्का एलीन को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

# सुश्री शान्ता सिंट्रिक, निकोबारी लोक नृत्य कलाकार
# कार निकोबार

सुश्री शान्ता सिंट्रिक निकोबारी लोक नृत्य की एक प्रतिष्ठित कलाकार हैं। निकोबारी लोक नृत्य एक स्थानीय प्रदर्शन कला है जो निकोबारी समुदाय के रीति रिवाजों, परम्पराओं एवं सामूहिक पहचान को दर्शाता है।

आपने इस पारम्परिक कला का सक्रिय रूप से प्रदर्शन, संरक्षण तथा प्रचार–प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आप एक लोक नृत्य कलाकार के रूप में विभिन्न मंचों पर निकोबार द्वीपसमूह की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व किया है। आपके अथक प्रयासों से इस अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को युवा पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाने और प्रसारित करने में उल्लेखनीय योगदान मिला है।

आपके असाधारण समर्पण और कलात्मक उत्कृष्टता को देखते हुए संगीत नाटक अकादमी द्वारा वर्ष 2025 के लिए आपको उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

निकोबारी लोक नृत्य के संरक्षण और संवर्धन में किए गए उत्कृष्ट योगदान को अंगीकार करते हुए कार निकोबार के निकोबारी लोक नृत्य कलाकार सुश्री शान्ता सिंट्रिक को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## मछुआरा बचाव दल
## कार निकोबार

1. श्री लूकस, मछुआरा
   एरोंग गाँव, कार निकोबार

2. श्री प्रेम, मछुआरा
   एरोंग गाँव, कार निकोबार

3. श्री एज़रा, मछुआरा
   एरोंग गाँव, कार निकोबार

कार निकोबार के एरोंग गाँव के मछुआरा दल के ये सदस्य समर्पित एवं पारम्परिक मछुआरे हैं। आप लोगों ने समुद्री मत्स्यहरण को व्यवसाय के रूप में अपनाकर स्थानीय मछुवारा समुदाय के लिए आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस दल के सदस्यों ने 4 मार्च, 2026 को एरोंग गाँव के समुद्र तट के निकट जवाहरलाल नवोदय विद्यालय के कुछ शिक्षकों और छात्रों को समुद्र में संकटग्रस्त स्थिति में देखा। दल के सदस्यों ने अपने जान की परवाह किए बिना त्वरित कार्रवाई की और असाधारण साहस का परिचय देते हुए उन छात्रों और शिक्षकों को समुद्र में डूबने से बचाया।

दल के सदस्यों को उनकी कड़ी मेहनत, ईमानदारी, सामुदायिक कल्याण एवं पारंपरिक मत्स्यहरण की प्रथाओं के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए भी जाने जाते हैं।

असाधारण साहस, निःस्वार्थ सेवा और समर्पण की भावना को अंगीकार करते हुए कार निकोबार के एरोंग गाँव के मछुआरा बचाव दल को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## श्री जोनाथन, अध्यक्ष, जनजातीय परिषद
## चौरा द्वीप

श्री जोनाथन 29 जनवरी 1994 से चौरा द्वीप के जनजातीय परिषद के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। आपने चौरा द्वीप में दुर्लभ संसाधनों के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के साथ–साथ लोगों के बीच दीर्घकालिक लाभ के लिए संधारणीय प्रथाओं को प्रोत्साहित और जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आपने कुशल नेतृत्व, समर्पण और उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए अपने समुदाय के कल्याण के लिए बिजली की बचत और इसके कुशल प्रबंधन के लिए अपनी दूरदर्शी सोच और स्वैच्छिक पहल से चौरा द्वीप में प्रतिदिन 24 घण्टे के बजाय 21 घंटे विद्युत आपूर्ति का समर्थन किया, जिसके कारण हाई–स्पीड डीजल की बचत संभव हो पाई है। आपके इन प्रयासों से ईन्धन के खपत में होने वाली लागत एवं कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आई है। आपने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए विद्युत विभाग के साथ समन्वय कर ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और सामुदायिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने, कुशल नेतृत्व और सरकारी संसाधन का विवेकपूर्ण उपयोग के प्रोत्साहन में किए गए उल्लेखनीय योगदान को अंगीकार करते हुए चौरा द्वीप के जनजातीय परिषद के अध्यक्ष श्री जोनाथन को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## वन विभाग के डाइविंग दल

वन विभाग के डाइविंग दल ने सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय के पर्यवेक्षण में राधानगर समुद्रतट के पास समुद्र के भीतर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कुशल नेतृत्व एवं समन्वयन का परिचय देते हुए 02 और 03 मई, 2026 को समुद्र के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और समुद्र के भीतर सबसे ऊँची मानव स्टैकिंग बनाने के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की योजना बनाने, इसकी तैयारी करने और इस महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम देने में विशेष भूमिका निभाई।

इस दल को अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के लिए विभिन्न विभागों, पेशेवर गोताखोरों, तकनीकी विशेषज्ञों और कार्यक्रम अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समुद्र के भीतर सभी प्रकार के प्रचालन, लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा व्यवस्था की योजना बनाने और इसे पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दल के 50 वनकर्मियों के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के आयोजन के लिए जनवरी 2025 तक PADI ओपन वाटर डाइवर के रूप में प्रशिक्षत किया। इस दल ने राधानगर समुद्रतट के पास समुद्र के भीतर इस ऐतिहासिक भव्य आयोजन का सुरक्षित एवं सफल संचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समुद्र के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फ़हराने एवं मानव स्टैक के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में किए गए बहुमूल्य योगदान को अंगीकार करते हुए वन विभाग का डाइविंग दल को उप राज्यपाल के प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

# अण्डमान निकोबार पुलिस मरीन बल का डाइविंग दल

अण्डमान निकोबार पुलिस मरीन बल के डाइविंग दल ने 02 और 03 मई, 2026 को राधानगर समुद्रतट के पास समुद्र के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और समुद्र के भीतर सबसे ऊँची मानव स्टैकिंग बनाने के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की योजना को निष्पादित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस दल को अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के लिए विभिन्न विभागों, पेशेवर गोताखोरों, तकनीकी विशेषज्ञों और कार्यक्रम अधिकारियों के साथ सामूहिक समन्वय स्थापित कर समुद्र के भीतर सभी प्रकार के संचालन, लॉजिटिक्स और सुरक्षा व्यवस्था की योजना का समन्वय और निष्पादन का कार्य सौपा गया था। इस दल के सदस्यों ने गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड के दिशानिर्देशों के अनुसार समुद्र के भीतर सावधानीपूर्वक डाइविंग योजना बनाने, डाइवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने, समुद्र के भीतर पोजिशनिंग सिस्टम, सुरक्षा प्रोटोकॉल, आपातकालीन प्रतिक्रिया उपाय और दस्तावेजीकरण प्रक्रियाओं को क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दल के सदस्यों के अथक प्रयासों से विश्व रिकॉर्ड बनाने के इस ऐतिहासिक प्रयासों का सफल निष्पादन किया जा सका जिससे अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हुई।

समुद्र के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं मानव स्टैक के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में किए गए बहुमूल्य योगदान को अंगीकार करते हुए अण्डमान निकोबार पुलिस मरीन बल के डाइविंग दल को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

# क्लियरेंस डाइविंग इकाई, श्री विजयपुरम

क्लियरेंस डाइविंग इकाई ने 2 मई, 2026 को स्वराज द्वीप में समुद्र के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के गिनीज़ वर्ल्ड रिकार्ड कार्यक्रम के सफल निष्पादन में असाधारण पेशेवर क्षमता, उत्कृष्ट कार्यकुशलता एवं अनुकरणीय परिचालन प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस इकाई के सहयोग से समुद्र के भीतर 2400 वर्ग मीटर आकार के सबसे बड़े राष्ट्रीय ध्वज को फहराने का ऐतिहासिक कीर्तिमान बनाने में सफलता हासिल किया गया।

इस इकाई ने समग्र समन्वयक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए इस अत्यधिक जटिल कार्य को अवधारणा के साथ निष्पादित करने में असाधारण व्यावसायिक कुशलता और संचालन क्षमता का परिचय दिया। इस इकाई ने विश्व रिकॉर्ड बनाने के इस आयोजन के लिए डाइविंग सुरक्षा, समुद्र के भीतर के प्रबंधन, जोखिम को कम करने के उपायों और पर्यावरणीय आंकलन के बारे में दल के सभी सदस्यों को महत्वपूर्ण तकनीकी सलाह प्रदान किया जिसके कारण कड़े सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सका।

इसके अलावा इस इकाई ने छोलदारी बाँध से मुख्य इन्टेक पाइपलाइन को भी सफलतापूर्वक खोज निकालने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समुद्र के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में किए गए बहुमूल्य योगदान को अंगीकार करते हुए श्री विजयपुरम के क्लियरेंस डाइविंग इकाई को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## कमाण्डर विक्रम एस. भाटी, 05175K
## भारतीय नौसेना

भारतीय नौसेना में कार्यरत कमाण्डर विक्रम एस. भाटी ने 02 और 03 मई, 2026 को अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित समुद्र के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और समुद्र के भीतर सबसे ऊँची मानव स्टैक बनाने के गिनीज़ वर्ल्ड रिकार्ड का कीर्तिमान हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपने 2024 से इस आयोजन की संकल्पना एवं योजना के प्रारम्भिक चरण से लेकर मई 2026 में इसके सफल समापन तक इसके साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

आपने सूक्ष्म एवं सुव्यवस्थित योजना तैयार करने, सक्रिय समन्वयन और प्रशासन तथा विभिन्न प्रतिभागी एजेंसियों के समन्वय के माध्यम से समुद्र के भीतर डाइविंग प्रक्रियाओं, सुरक्षा प्रोटोकॉल, पोजिशनिंग तथा अभ्यास के संचालन के संबंध में महत्वपूर्ण तकनीकी सलाह एवं पेशेवर मार्गदर्शन प्रदान किया।

आपके व्यावसायिक कार्यकुशलता, नेतृत्व, निरंतर सहभागिता एवं समर्पित प्रयासों के कारण समुद्र के भीतर की गई गतिविधियों के सफल निष्पादन में उल्लेखनीय सहायता प्राप्त हुई। आपके इन सराहनीय प्रयासों से अण्डमान एवं निकोबार कमाण्ड की प्रतिष्ठा एवं गौरव में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

समुद्र के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं मानव स्टैक के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में किए गए उनके बहुमूल्य योगदान को अंगीकार करते हुए भारतीय नौसेना के कमाण्डर विक्रम एस. भाटी, 05175K को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

# श्री रुस्तम अली, रिसेप्शनिस्ट
# सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय

श्री रुस्तम अली सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय में रिसेप्शनिस्ट के पद पर कार्यरत हैं और आप एक प्रमाणित ओपन वाटर स्कूबा डाइवर भी हैं।

आपने 02 और 03 मई 2026 को हासिल किए गए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए समुद्र के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और सबसे ऊँचा मानव स्टैक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपको इस आयोजन के लिए कई विभागों, पेशेवर गोताखोरों, तकनीकी विशेषज्ञों और कार्यक्रम अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने, समुद्र के भीतर सभी अंडरवाटर प्रचालन, लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा व्यवस्था की योजना बनाने और इसके निष्पादन का कार्य सौंपा गया था।

आपके नेतृत्व में गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड के दिशानिर्देशों के अनुसार समुद्र के भीतर सावधानीपूर्वक डाइविंग योजना बनाने, डाइवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने, समुद्र के भीतर पोजिशनिंग सिस्टम, सुरक्षा शिष्टाचार, आपातकालीन प्रतिक्रिया उपाय और दस्तावेजीकरण प्रक्रियाओं को क्रियान्वित करने के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। आपके उत्कृष्ट नेतृत्व एवं समन्वयन कुशल के कारण दोनों विश्व रिकॉर्डों को बनाने के प्रयासों को सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक पूरा किया सका।

समुद्र के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं मानव स्टैक के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में किए गए बहुमूल्य योगदान को अंगीकार करते हुए सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय के रिसेप्शनिस्ट, श्री रुस्तम अली को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## श्री रतीश दिवाकर कुलकर्णी, स्कूबा डाइव अनुदेशक, डाइव अण्डमान इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड

श्री रतीश दिवाकर कुलकर्णी डाइव अण्डमान इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के स्कूबा डाइव अनुदेशक हैं।

आपने 03 मई, 2026 को अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में समुद्र के भीतर सबसे ऊँचा मानव स्टैक बनाने का गिनीज़ वर्ल्ड रिकार्ड का कीर्तिमान हासिल करने के लिए इसके सफल आयोजन में असाधारण व्यावसायिक कार्यकुशलता, तकनीकी क्षमता और अटूट समर्पण की भावना का प्रदर्शन किया।

आपने इस आयोजन में भाग लेने वाले डाइवरों के साथ समन्वय स्थापित कर समुद्र के भीतर पोजिशनिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। आपने सभी डाइवरों के लिए अभ्यास सत्र आयोजित करके सम्पूर्ण आयोजन के दौरान संचालन सहायता प्रदान करने और इसके निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आपके विशिष्ट कार्यशैली, टीम वर्क की भावना और डाइवरों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता से गिनीज़ वर्ल्ड रिकार्ड की ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने में काफी मदद मिली जिससे इस द्वीपसमूह को राष्ट्रीय गौरव और अंतर्रराष्ट्रीय पहचान प्राप्त हुई।

समुद्र के भीतर सबसे बड़ा मानव स्टैक के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में किए गए बहुमूल्य योगदान को अंगीकार करते हुए डाइव अण्डमान इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के स्कूबा डाइव अनुदेशक, श्री रतीश दिवाकर कुलकर्णी को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

***********

## श्री हार्दिक नितिन दातनवाला, PADI पाठ्यक्रम निदेशक एवं मुख्य संचालन अधिकारी, डाइव अण्डमान इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड

श्री हार्दिक नितिन दातनवाला PADI पाठ्यक्रम के निदेशक एवं डाइव अण्डमान इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य संचालन अधिकारी हैं।

आपने 03 मई, 2026 को अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में आयोजित समुद्र के भीतर सबसे ऊँचा मानव स्टैक बनाने के गिनीज़ वर्ल्ड रिकार्ड स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आपने अपनी असाधारण व्यावसायिक कार्यकुशलता, तकनीकी दक्षता और समर्पण की भावना का परिचय देते हुए इस आयोजन के प्रतिभागी डाइवरों के साथ समन्वय, समुद्र के भीतर सही स्थिति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और अभ्यास कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आपके व्यापक व्यावसायिक अनुभव के कारण इस आयोजन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और अनुशासित तरीके से सम्पन्न करने में मदद मिली। आपने टीम वर्क की भावना और डाइवरों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए इस ऐतिहासिक उपलब्धि को सफल बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है जिससे द्वीपसमूह को राष्ट्रीय गौरव के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली।

समुद्र के भीतर सबसे बड़ा मानव स्टैक के गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में किए गए बहुमूल्य योगदान को अंगीकार करते हुए PADI पाठ्यक्रम के निदेशक एवं डाइव अण्डमान इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य संचालन अधिकारी, श्री हार्दिक नितिन दातनवाला को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

**********

## डॉ. साजी वर्गीस
## परामर्शदाता शल्य चिकित्सक एवं प्रोफेसर
## जी.बी. पंत अस्पताल, श्री विजयपुरम

डॉ. साजी वर्गीस श्री विजयपुरम स्थित अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह आयुर्विज्ञान संस्थान में प्रोफेसर एवं जी.बी. पंत अस्पताल के सामान्य एवं मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग में परामर्शदाता के रूप में कार्यरत हैं। आपने द्वीपसमूह में आधुनिक शल्य चिकित्सा सेवाओं के विस्तार में उल्लेखनीय एवं सराहनीय योगदान दिया है।

आपने वर्ष 2010 में बाल शल्य चिकित्सा तथा वर्ष 2011 में मिनिमल एक्सेस सर्जरी सेवाएँ आरम्भ करने में अग्रणी भूमिका निभाई। आपने द्वीपसमूह में प्रथम रोबोटिक सर्जरी संपन्न करने के साथ–साथ एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी सेवाओं की शुरुआत में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है।

आपने विगत 20 वर्षों के दौरान वयस्कों एवं बच्चों की 11ए750 से भी अधिक शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएँ सम्पन्न की हैं तथा दूरस्थ एवं दुर्गम द्वीपों में निःशुल्क शल्य चिकित्सा शिविरों के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की हैं। आपने चिकित्सा सेवाओं के साथ–साथ कनिष्ठ चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों एवं तकनीशियनों को प्रशिक्षित कर स्थानीय चिकित्सा क्षमता को विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आपने सर्वसमावेशी एवं समान स्वास्थ्य सेवा की भावना से किसी भी नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा से वंचित न होने देने के संकल्प के साथ अपने कार्यों के माध्यम से *"सेवा परमो धर्मः"* की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यावसायिक कार्यकुशलता तथा जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना को अंगीकार करते जी.बी. पंत अस्पताल, श्री विजयपुरम के परामर्शदाता शल्य चिकित्सक एवं प्रोफेसर डॉ. साजी वर्गीस को उप राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

''''''''''